प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 13.06.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- एयर इंडिया ने अहमदाबाद से लंदन जा रहे विमान की दुर्घटना में 241 लोगों के मारे जाने की पुष्टि की–इनमें राजस्थान के 11 यात्री शामिल।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अहमदाबाद पंहुचे–वे विमान दुर्घटना स्थल का दौरा करेंगे।
- केन्द्र सरकार की अन्न भण्डारण योजना के तहत राज्य में बनाये जा रहे गोदामों को अब किराये पर दिया जा सकेगा।
- प्रदेश में भीषण गर्मी और लू से लोगों के हाल बेहाल है–बीते 24 घंटों में 11 शहरों में तापमान 45 डिग्री सैल्सियस से ऊपर रिकॉर्ड हुआ।

00000

विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना की औपचारिक जांच शुरू कर दी है। नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने बताया कि जांच अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन की निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप की जाएगी। इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अहमदाबाद पंहुच गये है। वे दुर्घटना स्थल का दौरा करेंगे। श्री मोदी अस्पताल जाकर घायलों से भी मुलाकात करेंगे। प्रधानमंत्री ने विमान दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस हादसे ने पूरे देश को आहत किया है और इसका दुःख शब्दों से परे है। एयर इंडिया ने अहमदाबाद से लंदन जा रहे विमान की दुर्घटना में 241 लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है। गौरतलब है कि विमान कल दिन के एक बजकर उन्चालीस मिनट पर अहमदाबाद हवाई अड्डे से उडान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। विमान में 242 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। यात्रियों में भारत के 169, ब्रिटेन के 53, पुर्तगाल के सात और कनाडा का एक नागरिक था। इनके अलावा दो पायलट और चालक दल के दस सदस्य थे। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी नेता विजय रूपाणी भी मृतकों में शामिल हैं। रमेश विश्वास कुमार नाम के एक यात्री इस हादसे में सुरक्षित बच गये। इस विमान में राजस्थान के 11 यात्रियों के सवार होने की जानकारी मिली है। ये यात्री उदयपुर, बांसवाड़ा, बीकानेर और बालोतरा जिलों के निवासी थे। टाटा ग्रुप के अध्यक्ष एन. चंद्रशेखरन ने प्रत्येक मृतक के परिजनों को कंपनी की ओर से एक–एक करोड़ रुपये देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी हादसे पर गहरा शोक जताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार गुजरात की हरसंभव मदद के लिए तैयार है। श्री शर्मा ने कहा कि विमान में सवार राजस्थान के यात्रियों के परिजनों से फोन पर बात की है। जिला प्रशासन लगातार मृतकों के परिजनों के संपर्क में है और उनकी हरसंभव सहायता सुनिश्चित कर रहा है। इस बीच मुख्यमंत्री ने अपने आज और कल के प्रस्तावित कार्यक्रम रद्द कर दिये है। वे आज जयपुर में होने वाले योग महोत्सव में भी शिरकत नहीं करेंगे। वहीं कल बांसवाड़ा में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के प्रस्तावित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को भी रद्द कर दिया गया है।

00000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि प्रशासनिक अधिकारियों में लोगों के जीवन में सामाजिक–आर्थिक बदलाव लाने और राष्ट्र को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की क्षमता है। वे कल मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में 127वें इंडक्शन ट्रेनिंग प्रोग्राम के समापन समारोह में प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हर अधिकारी को सार्वजनिक मुद्दों के समाधान का अंतिम बिंदु बनने का लक्ष्य रखना चाहिए। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि सरकारी और प्रशासनिक कार्यक्रमों का लाभ वंचितों तक पहुंचे।

0000

केन्द्र सरकार की अन्न भण्डारण योजना के तहत राज्य में बनाये जा रहे गोदामों को अब किराये पर दिया जा सकेगा। सहकारिता विभाग की ओर से इस संबंध में मानक संचालन प्रक्रिया–ैव्च जारी की गई है। गोदामों को

किराये पर दिए जाने से पैक्स को नियमित आय होगी और उनकी वित्तीय स्थिति मजबूत होगी। सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव मंजू राजपाल ने बताया कि ग्राम पंचायत स्तर पर भंडारण की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 'सहकार से समृद्धि' कार्यक्रम के तहत राज्य में बडे स्तर पर गोदामों का निर्माण किया जा रहा है। गोदामों को किराये पर उपलब्ध कराने के लिए एसओपी में प्राथमिकता क्रम में दो अलग–अलग विकल्प दिये गए हैं। मंजू राजपाल ने बताया कि गोदाम किराये पर देने के लिए पूरे वर्ष का एक कैलेण्डर तैयार किया जाएगा। कम से कम एक वर्ष और ज्यादा से ज्यादा तीन साल के लिए पंजीकृत किरायेनामे के माध्यम से गोदाम किराये पर दिया जाएगा।

**0000**

प्रदेश में भीषण गर्मी और लू से हाल बेहाल है। बीते 24 घंटों में 11 शहरों में तापमान 45 डिग्री सैल्सियस से ऊपर रिकॉर्ड हुआ। मौसम विभाग के अनुसार कल भी श्रीगंगानगर सबसे गर्म शहर रहा, जहां दिन का तापमान 47 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं ज्यादातर स्थानों पर पारा 43 डिग्री सैल्सियस से ऊपर पंहुच गया है। 32 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस के साथ प्रतापगढ में सबसे गर्म रात रही।

---

चूरू से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां तेज गर्मी से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है।

----

उधर बारां में दिनभर तेज गर्मी और लू के थपेडों के बाद शाम को अचानक मौसम ने पलटा खाया। जिले के कई हिस्सों में तेज हवा के साथ बरसात हुई। आंधी और बारिश से कई स्थानों पर बिजली आपूर्ति बाधित रही।

00000

ग्यारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के अवसर पर राज्यस्तरीय कार्यक्रम जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशो के अनुसार प्रदेश के करीब 400 प्रमुख धार्मिक स्थलों, ऐतिहासिक और पर्यटन स्थलों पर भी सुबह 7 से 8 बजे तक सामूहिक योगाभ्यास किया जाएगा। इसके साथ ही प्रदेशवसियों की अधिक से अधिक भागीदारी के प्रयास किए जाएंगे। राज्य में जिला, ब्लॉक और पंचायत स्तर पर लगभग 65 हजार स्थानों पर एक करोड़ लोगों की भागीदारी का लक्ष्य रखा गया हैं। योग दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का केंद्र सरकार के योग संगम पोर्टल पर और राज्य सरकार के पोर्टल पर पंजीयन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों के अध्यक्षों और जिला कलेक्टरों को इस संबंध में निर्देश दिए हैं। इस बीच प्रदेश में कई स्थानों पर योग दिवस के सिलसिले में योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। पाली में जिला प्रशासन की ओर से योग पर स्थानीय भाषा में लघु फिल्म तैयार की गयी है, जिससे आमजन आसानी से स्थानीय भाषा में योग क्रियाओं को समझकर योगाभ्यास कर सके। जिला कलेक्टर **एल एन** मंत्री ने कल इस फिल्म का विमोचन किया। उन्होंने लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में योगाभ्यास कार्यक्रम से जुडने की अपील की है।

----

000